दैनिक भास्कर 04/09/2022

# पोक्सो अधिनियम लागू करने के लिए सुझाव दिए



अम्बाला। ज़ीएमएन कॉलेज ने जिला युवा विकास संगठन के सहयोग से पोक्सो एक्ट पर वार्ता का आयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुंडू ने बताया कि मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अजय तिवारी पहुंचे। उन्होंने कॉलेज में पोक्सो अधिनियम को लागू करने के लिए कई सुझाव दिए। इस अवसर पर लैंगिक असमानता, छेड़खानी और यौन शोषण जैसी चुनौतियों से पार पाने के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। कक्षा की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को इस मुद्दे के प्रति निरंतर संवेदनशील बनाने की सिफारिश की गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए लिंग संवेदीकरण गतिविधियों, लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शिकायत समितियों की स्थापना, शिकायत पेटी और परामर्श प्रावधान जैसे प्रस्ताव रखे गए। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने कहा कि कॉलेजों को एक सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ. सीमा कंसल, डॉ. राजेंद्रा, डॉ. रचना खन्ना, डॉ. मीनू राठी और डॉ. सरोज बाला मौजूद रहीं।